भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2461
सोमवार, 18 दिसम्बर, 2023/27 अग्रहायण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

खजुराहो में पर्यटन कार्यालय खोलना

†2461. श्री विष्णु दत्त शर्मा:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या खजुराहो यूनेस्को विश्व विरासत स्थल है और इसके ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के कारण इसे प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों में से एक के रूप में भी चुना गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का पर्यटक स्थलों के विकासात्मक और प्रबंधन क्रियाकलापों का समन्वय करने और पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने हेतु खजुराहो में पर्यटन कार्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव अथवा योजना है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): जी हां, महोदय। खजुराहो स्मारक समूह एक यूनेस्को विश्व विरासत स्थल है। पर्यटन मंत्रालय ने वर्ष 2016-17 में अपनी स्वदेश दर्शन योजना के भाग के रूप में मध्य प्रदेश में 89.82 करोड़ रु. की लागत से एक विरासत थीम परियोजना को स्वीकृति दी थी जिसमें एक कन्वेंशन सेंटर के विकास सहित खजुराहो में पर्यटन विकास के कार्य शामिल है।

(ख) से (घ): जी नहीं, महोदय। पर्यटन मंत्रालय के पास खजुराहो में एक पर्यटन कार्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव नहीं है और मध्य प्रदेश के इंदौर में एक भारत पर्यटन कार्यालय पहले से ही मौजूद है।

****